### एक नजर में

## आज होगा धार्मिक कार्यक्रम का समापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित पपौरा जी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला एवं रथोत्सव का कार्यक्रम 5 नवंबर को होगा। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 7.00 बजे से भगवान बाहुबली स्वामी का महामस्तकाभिषेक होगा एवं दोपहर 4.00 बजे से रथोत्सव, आरती एवं शास्त्र प्रवचन, रात्रि में विशेष आरती होंगी।**


शहर में 1008पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में 29 अक्टूबर से 5 नवंबर तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 7.00 बजे से श्री जी का अभिषेक, शांति धारा और पूजन के बाद विधान प्रारंभ हुआ जो दोपहर 12.30 तक चलता रहा विधान म्यूजिकल ध्वनि एवं मगरौनी से आए पंडित विद्वानों द्वारा धर्म रीति और विधि द्वारा प्रत्येक वाक्य का अर्थ समझाते हुए हुआ इसी बीच में मंदिर कमेटियों द्वारा चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन भी हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने साक्षी बनाकर अपना अपना पुण्य बढ़ा रहे हैं एवं शाम को महा आरती , सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ।

# आवास बनाने के नाम पर महिलाओं से लाखों ऐंठे

**पीड़ित महिलाओं ने अध्यक्ष को सुनाई आपबीती**

**अध्यक्ष बोले सीएमओ को लिखा है इसके लिए पत्र**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना में टीकमगढ़ नगरीय क्षेत्र में दो महिलाओं ने एक ठेकेदार पर राशि लेकर आवास निर्माण न कराने की शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष दर्ज कराई है। महिलाओं का आरोप है कि इन दोनों महिलाओं से संबंधित ठेकेदार ने लाखों रुपए की राशि ऐंठ ली है।**

दरअसल दो महिला हितग्राहियों ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार से लिखित शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक ठेकेदार ने उनसे मकान बनाने के नाम पर पैसे लिए लेकिन चार साल बाद भी उन्हें आवास नहीं मिला है। महिलाओं ने बताया कि इस कार्य को करने वाले ठेकेदार और कोई नहीं बल्कि टीकमगढ़ जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ललित अहिरवार हैं।

इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने सीएमओ को पत्र जारी कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

वार्ड नंबर 24, नारगुड़ा दरवाजा मोहल्ला निवासी कमला जोशी ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास स्वीकृत हुआ था। निकाय से 2 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। जिसमें से उन्होंने 1.90 लाख रुपये ठेकेदार ललित अहिरवार को 14 अप्रैल 2021 को 50 रुपए के स्टांप पर लिखित रूप में दिए थे। उन्हें आज तक मकान नहीं मिला है। इसी तरह वार्ड 24 निवासी रानो पत्नी राजू रैकवार ने बताया कि उन्होंने 23 सितंबर 2021 को ठेकेदार ललित अहिरवार को बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास निर्माण के लिए 1.85 लाख रुपए लिखित रूप में दिए थे। ठेकेदार ने उन्हें भी अब तक मकान नहीं दिया है और अब कह रहा है कि वह आवास का निर्माण नहीं कर रहा है। दोनों महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर आवास दिलाने और ठेकेदार ललित अहिरवार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा है कि महिलाओं की शिकायत पर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए पत्र जारी किया गया है।

इन दोनों पीड़ित महिलाओं ने शिकायत में कहा है कि कि उन्हें वर्ष 2021 में बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास के लिए राशि उनके खातों में मिली थी। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ठेकेदार ललित अहिरवार ने मकान बनाने का आश्वासन देकर यह राशि ले ली थी। अब ठेकेदार पैसे वापस करने से भी इनकार कर रहा है। दोनों महिलाएं झाड़ू-बर्तन का काम करके गुजारा करती हैं और किराए के मकान में रह रही हैं।

### हां मैंने एक हितग्राही से 1 लाख 90 हजार लिए : ललित



इस मामले की शिकायत को लेकर जब जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार से बात की गई, तो उन्होंने कहा हां मैंने एक हितग्राही महिला से 1 लाख 90 हजार रुपए लिए हैं। ऐसे कई हितग्राही हैं, जिन्होंने पैसे दिए। मैंने जितने पैसे लिए उतने का निर्माण करा दिया अब बाकी राशि हितग्राहियों के खाते में है वह आगे का निर्माण करा लें। मैंने स्टाम्प पर 1 लाख 90 हजार रुपए की लिखा-पढ़ी भी की है। मैंने और आवास भी बनाए जो हितग्राहियों के सुपुर्द किए हैं, कईयों ने तो मेरे पैसे अब तक नहीं दिए।

### मामले में महिलाएं पुलिस से शिकायत करें : सीएमओ



इस मामले में जब नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल भदौरिया से पूछा गया कि दो महिलाओं ने यह आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने आवास निर्माण के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए हैं, तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा सीधे हितग्राही महिलाओं के खाते में गया है, इससे नगर पालिका को कोई लेना-देना नहीं है। अगर महिलाओं से किसी ने पैसे लेकर ऐसा किया है तो वह पुलिस का सहारा लेकर एफआईआर दर्ज कराएं।

## प्रशासन को ज्ञापन देकर चाही कार्यवाही




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रायपुर छत्तीसगढ़ कांतिकारी सेना पार्टी के अमित बघेल ने अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सिंधी समाज के भगवान श्री झूलेलाल साई के बारे में अपशब्द कहकर समाज की भावनाओं को आहत किया है।**

साई के प्रति गलत भावना रखकर अपशब्द बोलकर साई का घोर अपमान किया है। हमारे सिन्धी समाज के ईष्ट भगवान श्री झूलेलाल साई एवं सिन्धी समाज के लिए गलत टिप्पणी करके गलती की है। इससे आहत होकर सिंधी समाज के लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि बघेल ने अपशब्द कहकर समूचे कण्ड भारत में सिन्धी समाज की भावनाओं को आहत किया है। अमित बघेल द्वारा अपशब्द कहकर सामाजिक स्तर पर भारत देश को तोड़ने का प्रयास किया है। हम सिन्धी अखण्ड भारत के सनातनी हिन्दु सिन्धीयों को पाकिस्तानी कहकर भारत देश का विखण्डन करने का प्रयास किया है। ऐसा व्यक्ति भारत देश के लिए देशद्रोही का कार्यकर रहा है। पूर्व में भी अन्य समाज के लिए कथन बोलकर यह 6 माह की सजा पा चुका है। ऐसा व्यक्ति बार-बार देश का समाजिक स्तर पर विच्छेद करने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

# धार्मिक आयोजन में दिया अहिंसा का संदेश



**नवभारत न्यूज खरगापुर। महामंडल विधान आत्म शुद्धि विश्व शांति और अहिंसा के संदेश को सशक्त बनाता है ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में समरसता सद्भावना और आत्म जागृति का संदेश देते हैं आचार्य उदय सागर महाराज ने महोत्सव के समापन पर यह संदेश दिया खरगापुर नगर में गजराज रथ यात्रा निकाली गई। विश्व कल्याण की कामना के साथ शांति धारा महोत्सव का विधिवत समापन किया गया।**

खरगापुर में दिगंबर जैन मंदिर द्वारा आयोजित 1008 कल्पुक मंडल महामंडल विधान एवं गजरथ महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ का समापन हुआ । आचार्य उदय सागर महाराज के सानिध्य में चल रहे इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन नगर में भव्य गजरथ निकाला गया। गजरथ यात्रा मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग हनुमान चौराहा, बस स्टैंड, थाना एवं तहसील मार्ग से होते हुए परिसर पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया जिसके साथ चक्रवर्ती महामंडलेश्वर यज्ञनायक महेंद्र इंद्र, सनत कुमार ईशान इंद्र, सत्येंद्र बाहुबली सहित समाज के प्रमुख सदस्य आग-आगे चल रहे थे वही समाज की माताएं एवं बहने विशेष पारंपरिक वेशभूषा में दिखे।

## 15 को होंगे रिक्त भूखंडों के आवंटन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवम्बर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें इस प्रकार हैं, तदनुसार प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 नवम्बर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किये गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।

# संरचना निर्माण विषयक प्रशिक्षण संपन्न



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल गृह विभाग मप्र शासन एवं जिला प्रशासन टीकमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एवं यूनिसेफ मध्यप्रदेश के सहयोग से तीन दिवसीय भूकंपरोधी संरचना निर्माण विषयक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने टीकमगढ़ जिले में पदस्थ इंजीनियर प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि वह इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा भविष्य में उनके द्वारा बनायीं जाने वाली संरचनाओं का निर्माण भूकंप प्रतिरोधी के अनुरूप बनाये।**

इस दौरान अपर कलेक्टर शिव प्रसाद मंडराह ने अपने उदबोधन में कहा की भूकंप से किसी की मृत्यु नहीं होती है हमारे द्वारा बनाई संरचनाओं के ढहने से लोगो की मृत्यु होती है, इसलिए हमें भविष्य में जो भी संरचनाये बनानी है वह भूकंपरोधी ही बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल गृह विभाग से तकनीकी विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा ने कहा कि आपदा कभी भी कही भी किसी भी रूप में आ सकती है आपदा के दौरान जागरूकता के अभाव में असमंजस एवं भय का वातावरण निर्मित हो जाता है।

## सामूहिक गायन कर शासकीय कार्य प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया।**

अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र-गान का गायन कर शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। सामूहिक गायन में विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में नवम्बर माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया।

# आसमान में बादल छाने से किसान चिन्तित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ पिछले तीन दिनों की राहत के बाद मंगलवार सुबह से आसमान में फिर बादल छा गए। इसके साथ ही दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।**



मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री से बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री से घटकर 17.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जिससे शाम ढलते ही ठंड बढ़ गई। मौसम साफ होने के बाद जिले में रबी फसलों की बुआई तेजी से चल रही है। किसानों ने बताया कि दिन में धूप निकलने से किसानों को लाभ होगा और अगले 8.10 दिनों में बुआई पूरी होने की उम्मीद है। हालांकि उनका कहना है कि इस दौरान बारिश होने पर बुवाई में फिर समस्या आ सकती है। मौसम विभाग ने अगले 4 से 5 दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। पिछले तीन दिनों से किसान गेहूं, चना, सरसों, मटर सहित अन्य फसलों की बुआई में लगे हुए हैं। इस साल जिले में औसत से 12.5 इंच अधिक बारिश हुई है जिससे कुओं और तालाबों में पर्याप्त पानी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद का इंतजाम किया गया है। खाद वितरण में किसानों को कोई समस्या न हो इसके लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। सोसाइटियों के अलावा खाद के लिए नगर नगद विक्रय केंद्र और निजी दुकानों पर भी खाद उपलब्ध है।

# अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कराई समाप्त

**तहसीलदार ने समाजसेवी को जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन**

**लिखित आश्वासन के बाद माने दिगौड़ा के अनशनकारी**




**वभारत,न्यूज टीकमगढ़। ग्राम पंचायत दिगौड़ा में एक वरिष्ठ समाजसेवी ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन बीते रोज शुरू कर दिया था। रमाशंकर पस्तोर 76 साल ने सोमवार शाम 4 बजे बस स्टैंड परिसर में अनशन पर बैठ गए। जैसे ही प्रशासन को इस की जानकारी लगी तो तहसीलदार प्राची जैन ने देर रात धरना स्थल पर पहुंचकर समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर का धरना समाप्त कराया। तहसीलदार प्राची जैन के लिखित आश्वासन के बाद उन्होंने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है।**

दरअसल शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर शुरू हुए अनशन की खबर लगते ही तहसीलदार प्राची जैन रात करीब 10 बजे धरना स्थल पर पहुंचीं और रमाशंकर पस्तोर से चर्चा की। पस्तोर ने उन्हें कब्जे वाली जमीन के सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज होने के दस्तावेज दिखाए। तहसीलदार ने लिखित में आश्वासन दिया कि जमीन सरकारी है और अवैध कब्जा हटाने के संबंध में मामला कलेक्टर के समक्ष रखा जाएगा। कलेक्टर के निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। दरअसल रमाशंकर पस्तोर ने सोमवार शाम 4 बजे बस स्टैंड परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन शुरू किया था। उनकी मुख्य मांग दिगौड़ा कस्बे के बाजार में जैन धर्मशाला के सामने की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाना था। पस्तोर के अनुसार जैन धर्मशाला के सामने की शासकीय भूमि पर जैन समाज द्वारा अतिक्रमण कर दीवार बना ली गई है। इस भूमि पर पहले से स्थित वेदी माता को भी दबा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सन 1993 में संयुक्त कलेक्टर ने इस भूमि को शासकीय घोषित किया थाए जहां उस समय वेदी माता स्थित थीं।जैन धर्मशाला की भूमि का खसरा नंबर 664 है जबकि उसके सामने की शासकीय भूमि का खसरा नंबर 716 है जिस पर जैन समाज के लोगों का कथित अतिक्रमण है। पस्तोर ने आरोप लगाया कि बाद में जैन समाज दिगौड़ा के लोगों ने इस शासकीय भूमि पर दीवार बनाकर वेदी माता को विलुप्त कर दिया।

**अनियमिता** पीएम कार्यलय में शिकायत के बाद कलेक्टर ने उठाया कदम

# ऑफलाइन टेंडर में लापरवाही पर जांच के निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय पर स्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा यानि आरईएस विभाग बीते एक वर्ष से अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सुर्खियों में शुमार चल रहा है। यहां व्याप्त अनिमित्ताओं की शिकायत पहले जिला स्तर पर एक व्यक्ति द्वारा की गई जब शिकायत में कुछ नहीं हुआ तो यह मामला प्रधानमंत्री कार्यलय तक पहुंच चुका है। जहां यह शिकायत एल 3 स्तर पर लंबित बताई जा रही है।इस मामले में मंगलवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला पंचायत सीईओ नवनीत धुर्वे को पत्र जारी कर ऑफ लाइन टेंडर के माध्यम से दिए गए ठेकों की जांच करने के निर्देश दिए है।**




कलेक्टर ने जारी किए पत्र में बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय में दर्ज शिकायत एल 3 स्तर पर पहुंच गई है। जिस पर विभाग के सागर में पदस्थ अधीक्षण यंत्री एसई को कार्यवाही करने का प्रावधान है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर सचिव शोभा निकुम ने पिछले वर्ष 7 नवंबर को एक पत्र जारी किया था। इस पत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में सभी निविदाएं ई-टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए थे। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया था कि 10 लाख रुपये तक के कार्यों के लिए अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित करने में ई-टेंडरिंग की अनिवार्यता से विशेष परिस्थितियों में छूट मिल सकती है।

हालांकि ऐसी स्थिति में संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और अधीक्षण यंत्री का अनुमोदन कराना अनिवार्य है। आरोप है कि टीकमगढ़ में इन निर्देशों की अनदेखी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता शुभम व्यास ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद जांच के निर्देश जारी हुए हैं। शुभम व्यास ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री अर्पित चौधरी और निविदा लिपिक ने नियमों का उल्लंघन करते हुए ऑफ लाइन निविदाएं आमंत्रित कीं जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई। यह खुलासा सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत मिली जानकारी से हुआ है।

### मनचाहे ठेकेदारों को कार्य देने का आरोप

एक ही योजना के तहत समान प्रकृति के कार्यों को छोटे-छोटे भागों में तोड़कर अलग-अलग ऑफलाइन निविदाएं बुलाई गई जबकि नियमों के अनुसार ऐसे कार्यों की एक ही निविदा जारी होनी चाहिए। अनंतपुरा और स्यांवनी में पांच-पांच लाख रुपये के खेल मैदान निर्माण कार्यों को तीन भागों में बांटा गया। अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चंदेरा और छात्रावास डूंड़ा में भी मरम्मत कार्यों की निविदाएं ऑफलाइन बुलाकर मनचाहे ठेकेदारों को दी गई।

## सुधरने का नाम नहीं ले रही ट्राफिक व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है।**

हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो, नजाई मंडी, मजदूर चौराहा में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है। इसके साथ ही कोतवाली के ठीक बगल में स्थित प्रधानपुरा की गली में जाम लग जाता है।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में पुलिसिंग को अधिक जनमुखी संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के प्रयासों में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई निरंतर नवाचार कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लेकर थाना-चौकियों तक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।**

जिनका उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान करना है। जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई शिविर में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का समाधान वहीं स्थल पर तत्काल किया गया। जिन प्रकरणों पर समय की आवश्यकता थी उन पर शीघ्र कार्रवाई के भरोसे ने उपस्थित नागरिकों में विश्वास और संतोष का भाव जगाया। महिलाओं बुजुर्गों एवं जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराया।